सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा

हमारा विश्वास है कि हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है । हमारा विश्वास है कि भ्रष्टाचार का उन्मूलन करने के लिए सभी संबंधित पक्षों जैसे सरकार, नागरिकों तथा निजी क्षेत्र को एक साथ मिल कर कार्य करने की आवश्यकता है ।

इस दिशा में स्वयं को एक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करने तथा रक्षोपाय, सत्यनिष्ठा ढांचा तथा नीति-संहिता स्थापित करने के अपने उत्तरदायित्व को हम स्वीकार करते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हम किसी भी भ्रष्ट आचरण का हिस्सा नहीं हैं तथा भ्रष्टाचार के दृष्टांतों पर हम अत्याधिक सख्ती से कार्रवाई करते हैं ।

हम मानते हैं कि भ्रष्टाचार उन्मूलन करने में तथा अपने कार्यों के सभी पहलुओं में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता तथा सुशासन के उच्चतम मानक बनाए रखने के लिए, एक संगठन होने के नाते हमें सामने से नेतृत्व करना होगा ।

अतः, हम प्रतिज्ञा करते हैं कि :-

* हम नीतिपरक कार्य पद्धतियों को बढ़ावा देगें तथा ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की संस्कृति को प्रोत्साहन देंगे;
* हम ना तो रिश्वत देंगे और ना ही रिश्वत लेंगें;
* हम पारदर्शिता, जिम्मेवारी तथा निष्पक्षता पर आधारित निगमित सुशासन की प्रतिज्ञा करते हैं;
* हम कार्यों के संचालन में संबद्ध कानूनों, नियमावलियों तथा अनुपालन प्रक्रियाओं का पालन करेंगे;
* हम अपने सभी कर्मचारियों के लिए एक नीति-संहिता अपनाएंगे;
* हम अपने कर्मचारियों को उनके कर्त्तव्यों के ईमानदार निष्पादन के लिए, उनके कार्य से संबद्ध नियमों, विनियमों आदि के बारे में सुग्राही बनाएंगे;
* हम समस्याओं तथा कपटपूर्ण कार्यकलापों की सूचना देने के लिए समस्या समाधान तथा पर्दाफाश तंत्र का प्रबंध करेंगें;
* हम संबंधित पक्षों एवं समाज के अधिकारों तथा हितों का संरक्षण करेंगें ।

Integrity Pledge

We believe that corruption has been one of the major obstacles to econmic, political and social progress of our country. We believe that all stakehoders such as Government, citizens and private sector need work together to eradicate corruption.

We acknowledge our responsibility to lead by example and the need to put in place safeguards, integrity frameworks and code of ethics to ensure that we are not part of any corrupt practice and we tackle instances of corruption with utmost strictness.

We realize that as an Organisation, we need to lead from the front in eradicating corruption and in maintaining highest standards of integrity, transparency and good governance in all aspects of our operations.

We, therefore, pledge that :

* We Shall promote ethical business practices and foster a culture of honesty and integrity;
* We shall not offer or accept bribes;
* We commit to good corporate governance based on transparency, accountability and fairness;
* We shall adhere to relevant laws, rules and compliance mechanisms in the conduct of business;
* We shall adopt a code of ethics for all our employees:
* We shall sensitise our employees of laws, regulations etc. relevant to their work for honest discharge of their duties;
* We shall provide grievance redressal and Whistle Blower mechanism for reporting grievances and fraudulent activities;
* We shall protect the rights and interests of stakeholders and the society at large.